आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है

आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है,
यही तो सृष्टि के कालो के काल है,
आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है.....

लिंगो के लिंग उज्जैन शिवलिंग है,
बारह में ये इक महान ज्योर्तिलिंग है,
महाकलेश्वर में इनका साशन है,
आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है.....

कालों के मुख से निकाल ये लाते है,
कालो के काल महाकाल कहलाते है,
माथे पे चंदन रूप विकराल है,
आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है.....

वेदो पुराणों में लिख मिलता है,
भोले की मर्ज़ी से सब चलता है,
त्रिशूलधारी भोले पहने मृग की छाल है,
आदि अनंत मेरे शिव महाकाल है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32906/title/aadi-anant-mere-shiv-mahakal-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |